# वेस्ट यूपी की चार निजी चीनी मिलों में गन्ने की पेराई शुरू

लखनऊ (ब्यूरो)। वेस्ट यूपी की चार निजी चीनी मिलों में बुधवार को पेराई प्रारंभ हो गई। इस तरह प्रदेश में कुल 35 चीनी मिलों का संचालन प्रारंभ हो गया है।

गन्ना आयुक्त सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि अब तक जिन 35 मिलों में पेराई शुरू हुई हैं उनमें सहकारी क्षेत्र की 22, निजी क्षेत्र की 12 और चीनी निगम की एक मिल हैं। बुधवार को गाजियाबाद जिले में मोदी ग्रुप की मोदीनगर और बागपत में मलकपुर के अलावा दौराला (मेरठ) और चांदपुर (बिजनौर) चीनी मिलों ने गन्ना पेराई शुरू कर दी। बृहस्पतिवार को सीतापुर की बिसवां मिल चल जाएंगी। अगले कुछ दिनों में निजी क्षेत्र की अधिकतर मिलों में पेराई प्रारंभ हो जाएगी। उधर यूपी भाजपा किसान मोर्चा सरकार द्वारा घोषित

## उत्तराखंड : गन्ना मूल्य पर किसानों से छल

देहरादून (ब्यूरो)। गन्ना किसानों को यूपी से पांच रुपये ज्यादा मूल्य देने की घोषणा कर सरकार किसानों के साथ बड़ी खूबसूरती से छल कर गई। गत दिवस बैठक में तय हुआ था कि किसानों को यूपी से 5 रुपये अधिक मूल्य मिलेगा, लेकिन यूपी ने पिछले वर्ष के गन्ना मूल्य को ही इस बार भी लागू किया और उत्तराखंड में पिछले वर्ष कीमत यूपी से पांच रुपये ज्यादा थी। साफ है कि इस बार गन्ना मूल्य में एक पैसा भी बढ़ोतरी नहीं होगी।

गन्ना मूल्य एवं प्रदेश सरकार और चीनी मिल मालिकों के बीच हुए समझौते को किसान विरोधी बताते हुए बृहस्पतिवार को गन्ना आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेगा।

## एक और गन्ना किसान ने की खुदकुशी

सिकंद्राबाद/लखीमपुर (ब्यूरो)। कर्ज और बीमारी से तंग होकर सात दिन पहले खुदकुशी करने वाले भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तौली निवासी किसान सत्यपाल का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि मंगलवार की सुबह जिले के नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी गन्ना किसान छोटेलाल (45) ने भी गांव किनारे स्थित एक बाग में फांसी लगाकर खुदकुशी कर जिला प्रशासन को हिला दिया। किसान के भाई अनोखेलाल ने बताया कि छोटेलाल का चीनी मिल कुंभी पर गन्ने का बकाया है। छोटेलाल करीब सवा एकड़ भूमि का स्वामी था। उसके पूरे खेत में गन्ना खड़ा है।

अमर उजाला
5/12/13